भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1227
गुरुवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक)

राष्ट्रीय करियर सेवा के माध्यम से रोजगार

1227. श्री संदोष कुमार पी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के अंतर्गत रोजगार हेतु पंजीकृत लोगों की कुल संख्या कितनी है तथा इसकी शुरूआत से लेकर आज की तारीख तक कितने लाभार्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ है, तत्संबंधी राज्य-वार और क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने रोजगार ढूँढ़ने वालों को पोर्टल में पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कोई जागरूकता कार्यक्रम तैयार किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करंदलाजे)

(क): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) की शुरुआत से 30 जून, 2024 तक लगभग 4.32 करोड़ रोजगार चाहने वालों ने नौकरियों के लिए पंजीकरण कराया है। 30 जून, 2024 तक सक्रिय रोजगार चाहने वालों की संख्या 2.14 करोड़ है। स्थापना के बाद से 30 जून, 2024 तक जुटाई गई रिक्तियों की संख्या 2.83 करोड़ है और 27 जुलाई, 2024 तक सक्रिय रिक्तियों की संख्या 19.83 लाख है। 30 जून, 2024 तक एनसीएस पोर्टल पर चयनित किए गए नौकरी चाहने वालों की संख्या 1.74 करोड़ है।

(ख) एवं (ग):एनसीएस पोर्टल के बारे में जागरूकता बढ़ाने और पहुंच बढ़ाने के लिए एनसीएस पोर्टल पर सेवाओं और रिक्तियों की उपलब्धता के बारे में नियमित सोशल मीडिया पोस्ट जारी किए जाते हैं। एनसीएस के नए विकास और गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एनसीएस मासिक ई-न्यूज़लेटर जारी किए जाते हैं। इसके अलावा, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित मॉडल कैरियर केंद्र नियमित रूप से विभिन्न आउटरीच गतिविधियां आयोजित करते हैं जैसे हितधारकों के लिए कार्यशालाएँ, जागरूकता/अभिमुखी कार्यक्रम।

*****